समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# जियो ब्लैकरॉक का धमाकेदार डेब्यू : पहले ही NFO मे जुटाए 17,800 करोड़ रुपये, टॉप 15 एसेट मैनेजमेटं कंपनियों मे शामिल।

Publisher
Published on 07 Jul 2025



## मुकेश अंबानी और ब्लैकरॉक के संयुक्त उद्यम जियो ब्लैकरॉक ने भारत के फंड बाजार मे बड़ा धमाका किया, सिर्फ 3 दिन मे 17,800 करोड़ रुपये जुटाए

**मुकेश अंबानी :** भारत के एसेट मैनेजमेंट उद्योग में **जियो ब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेटं प्राइवेट लिमिटेड** ने अपने पहले ही **न्यू फंड ऑफर** (NFO) में रिकॉर्डतोड़ सफलता हासिल की है। कंपनी ने महज 3 दिनों के अंदर **17,800 करोड़ रुपये** (करीब 2.1 बिलियन डॉलर) का निवेश जुटाया, जिससे यह भारत के **टॉप 15 एसेट मैनेजमेटं** कंपनियों में शामिल हो गई है।

**जियो ब्लैकरॉक : भारत का नया फाइनेंशियल पॉवरहाउस**
**जियो ब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेटं**, दरअसल **जियो फाइनेंशियल सर्विसेज़ लिमिटेड** (JFSL) और दुनिया की दिग्गज **फाइनेंशियल फर्म ब्लैकरॉक इंक** का संयुक्त उद्यम है। इसका पहला **NFO 30 जून 2025** को लॉन्च हुआ और **02 जुलाई 2025** को बंद हो गया।

इस **न्यू फंड ऑफर** के तहत **तीन म्यूचुअल फंड** लॉन्च किए गए:
१. **जियोब्लैकरॉक ओवरनाइट फंड**
२. **जियोब्लैकरॉक लिक्विड फंड**
३. **जियोब्लैकरॉक मनी मार्केट फंड**

**90 से ज्यादा संस्थागत निवेशक और 67,000 खुदरा निवेशक जुड़े**

कंपनी के मुताबिक, इस ऑफर में 90 से अधिक **संस्थागत निवेशकों** और **67,000 से अधिक रिटेल इन्वेस्टर्स** ने हिस्सा लिया। यह आंकड़ा **जियो ब्लैकरॉक** के **डिजिटल-फर्स्ट दृष्टिकोण** और मजबूत निवेश रणनीति का प्रमाण है।

### क्या बोले जियो ब्लैकरॉक के CEO?

कंपनी के **प्रबंध निदेशक और CEO सिड स्वामीनाथन** ने कहा कि,
"हमारे पहले ही NFO को निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। यह हमारी निवेश फिलॉसफी, जोखिम प्रबंधन और डिजिटल नवाचार का प्रमाण है।"

उन्होंने कहा कि **जियो ब्लैकरॉक** भारत के विकसित हो रहे निवेश बाजार में एक मजबूत ताकत के रूप में उभर रहा है।

### कैसे आसान हुआ निवेश ?

कंपनी ने रिटेल निवेशकों के लिए निवेश को आसान बनाने के लिए '**अकाउंट क्रिएशन इनिशिएटिव**' लॉन्च किया है। इसके तहत ग्राहक **जियो फाइनेंस** ऐप के जरिए मिनटों में अपना खाता खोल सकते हैं और निवेश शुरू कर सकते हैं।

**डिजिटल प्रोसेस** को सरल और तेज बनाने के कारण **जियो ब्लैकरॉक** ने कम समय में बड़े पैमाने पर निवेशक जोड़े हैं।

### भारत के टॉप 15 फंड हाउस मे एंट्री

**जियो ब्लैकरॉक** का यह पहला कदम ही इतना बड़ा साबित हुआ कि कंपनी भारत के **47 फंड हाउसों** में सीधे **टॉप 15 एसेट मैनेजमेंट** कंपनियों में अपनी जगह बना चुकी है।

आने वाले समय में कंपनी **भारत के फंड बाजार** में और बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार दिख रही है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.